सोनगढ़ सोनगढ़ आना सभी.....

सोनगढ़ सोनगढ़ ..... आना सभी, घर छोड़ के, मोह छोड़ के।
तुम आना मेरे भाई स्वर्णपुरी आना, गुरुदेव की वाणी को नित प्रति ध्याना।।
सोनगढ़ सोनगढ़ आना सभी.....

प्रथम प्रवेश द्वार पर मानस्तम्भ खड़ा है। सीमंधर भगवान की छवि को निरख रहा है।।
चारमुखी जिनबिम्ब विराजे शीश शिखर पर। जिनको नित प्रति नमन हमारे, नत मस्तक पर।।
तुम आना मेरे भाई .....

द्वितीय पग पर वैदेही नाथ का भव्य जिनालय। पद्मप्रभु अरु शान्तिनाथ भगवन का आलय।।
ऊर्ध्व भाग पर नेमिप्रभु का अद्‌भुत दर्शन। जिसे देखकर होता निज आतम स्पर्शन।।
तुम आना मेरे भाई .....

समवशरण में सीमंधर जिन की प्रतिमा शोभित। जिनकी ऊँकारमयी ध्वनि पर त्रिभुवन मोहित।।
इस वाणी को सुनने कुंदकुंद मुनि आये। जिसे श्रवण कर उन्होंने पांचों ग्रन्थ बनाये।।
तुम आना मेरे भाई .....

पंचमेरु अस्सी जिनगृह गजदन्त जिनालय। नंदीश्वर के बावन अकृत्रिम जिन चैत्यालय।।
जम्बू–भरत के महापद्म अरु आदि जिनेश्वर। घातकी जम्बू विदेहक्षेत्र के भावी तीर्थंकर।।
तुम आना मेरे भाई .....

वीरप्रभु की प्रतिमा मुक्ति मार्ग बतलाती। सिद्ध समान सदा पद मेरो जो सिखलाती।।
पंच परमागम हमको मुक्ति पथ दर्शाते। तिनके चरण कमल वंदन कर भवि हर्षाते।।
तुम आना मेरे भाई .....

अंतिम पद पर सुन्दर स्वाध्याय मंदिर शोभित। जिसके अंदर कहान गुरु की प्रतिमा मोहित।।
इस मंदिर में कहान गुरु की हैं स्मृतियां।
इस मंदिर में भगवती मात की हैं स्मृतियां। कुंदकुंद के दिव्य ज्ञान की अमूल्य निधियां।।
तुम आना मेरे भाई .....

रचेयिता : चर्चित जैन,
कक्षा 9 (अंग्रेजी माध्यम)
श्री कुंदकुंद कहान दिगम्बर जैन विद्यार्थी
गृह , सोनगढ़
जिला भावनगर (सौराष्ट्र), भारत

Songadh Songadh aana sabhi.....

Songadh Songarh ..... aana sabhi, ghar chod ke, moh chod ke.
Tum aana mere bhai Swarnpuri aana, Gurudev ki vaani ko nit prati dhyana.
Songadh Songarh ..... aana sabhi.....

Pratham pravesh dwar par Manastambha khada h, Simandhar Bhagwan ki chavi ko nirakh raha h.
Charmukhi Jinbimb viraje sheesh shikhar par, jinko nit prati naman hamare nat mastak par.
Tum aana mere bhai Swarnpuri aana.....

Dwitiya pag par Vaidehinath ka bhavya Jinalaya. Padmprabhu aru Shantinath bhagwan ka aalay.
Urdhwa bhag par Nemiprabhu ka adbhut darshan, jise dekhkar hota nij aatam sparshan.
Tum aana mere bhai Swarnpuri aana .....

Samawsharan mein Simandhar Jin ki pratima shobhit, jinki Omkarmayi dhwani par tribhuwan mohit
Is vaani ko sunne Kundkund muni aaye, jise shrawan kar unhone pancho granth banaye.
Tum aana mere bhai Swarnpuri aana .....

Panchmeru assi jingruh gajdant jinalaya, Nandishwar ke vaaban akrutrim jin chaityalaya.
Jambu-Bharat ke mahapadm aru Aadi jineshwar, Ghataki Jambu Videhkshetra ke bhavi teerthankar.
Tum aana mere bhai Swarnpuri aana .....

Veerprabhu ki pratima muktimarg batlati, Siddh saman sada pad mero jo sikhlati.
Panch parmagam humko mukti path darshate, tinke charan kamal vandan kar bhavi harshate.
Tum aana mere bhai Swarnpuri aana .....

Antim pad par sundar swadhayay mandir shobhit, jiske andar Kahan Guru ki pratima mohit.
Is mandir mein Kahan Guru ki hai smrutiya, is mandir mein Bhagwati maat ki hai smrutiya.
Kundkund ke divya gyan ki amulya nidhiya.
Tum aana mere bhai Swarnpuri aana .....

Composed by:
Charchit Jain
Class IX (Eng. medium)
Shri Kund Kund Kahan Digambar
Jain Vidyarthi Gruh, Songadh
Distt. Bhavnagar (Saurshtra)
India